PlanetRead

Literacy for a Billion

Movie: Aan Milo Sajana
Year: 1971

Song: Falak Se Todakar
Lyricist: Anand Bakshi

फलक से तोड़ कर देखो
सितारे लोग लाऐ हैं
मगर मैं वो नहीं लाया
जो सारे लोग लाऐ हैं
कोई नज़राना लेकर आया हूँ में
दीवाना तेरे लिए
कोई नज़राना लेकर आया हूँ में
दीवाना तेरे लिए
आज छलका है खुशियों से दिल का
पैमाना तेरे लिए
कोई नज़राना लेकर आया हूँ में
दीवाना तेरे लिए
सभी के दिलों को ये धड़का रहा है
समां साजे दिल पे ग़ज़ल गा रहा है
सभी के दिलों को ये धड़का रहा है
समां साजे दिल पे ग़ज़ल गा रहा है
सारी बातें रूक गई है
सबकी आँखे झुक गई है
तेरी महफ़िल में आया शायर कोई
मस्ताना तेरे लिए
तेरी महफ़िल में आया शायर कोई
मस्ताना तेरे लिए
कोई नज़राना लेकर आया हूँ में
दीवाना तेरे लिए
तुझे दुश्मनों की नज़र लग ना जाए
रहे दूर तुझ से सदा ग़म के साये़
तुझे दुश्मनों की नज़र लग ना जाए
रहे दूर तुझ से सदा ग़म के साये़
गुनगुनाऐ तू हमेशा
मुस्कुराऐ तू हमेशा
गुलशन बन जाए उम्मीदों का
हर इक वीराना तेरे लिए
गुलशन बन जाए उम्मीदों का
हर इक वीराना तेरे लिए
कोई नज़राना लेकर आया हूँ में
दीवाना तेरे लिए
आज छलका है खुशियों से दिल का
पैमाना तेरे लिए

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.